**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**

**दिनांक : 19.04.2026** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार -

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज उज्जैन और धार के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल। उज्जैन में कई विकास कार्यों का किया भूमिपूजन।
- भोपाल-ओरछा और चंदेरी सेक्टर के लिए पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का हुआ शुभारंभ।
- प्रदेश में गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर तोल कांटो की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई।
- प्रदेशभर में मनाया जा रहा है आज अक्षय तृतीया का पर्व।

मुख्यमंत्री-सामूहिक विवाह सम्मेलन, उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन जिले के हामुखेड़ी, कार्तिक मेला मैदान और धार के सिरसोदिया में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव-दंपतियों को शुभाशीष प्रदान किया, साथ ही कन्याओं को योजना की राशि के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह, समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय माध्यम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से कीराब 58 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया।

पर्यटन सेवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल-ओरछा और चंदेरी सेक्टर के लिए पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए और कहा कि यह नया सेक्टर भोपाल को ओरछा और चंदेरी से जोड़ते हुए प्रदेश में पर्यटन को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि हेली पर्यटन सेवा का उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, पर्यटकों की रुचि मध्यप्रदेश में बढ़ाने के उद्देश्य से मैचिंग ग्रांट के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा बड़ी राशि दी जा रही है।

पश्चिम बंगाल - चुनाव प्रचार

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं की जनसभाओं, रैलियों और रोडशो से चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में आज झारग्राम, पुरूलिया और बिष्णुपुर जिलों में कई रैलियां कीं। श्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की डबल इंजिन सरकार राज्य की महिलाओं को दोहरे लाभ देगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और समृद्धि उनकी पार्टी की शीर्ष प्राथमिकताएं हैं। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हुगली जिले के ताड़केश्वर और पूर्व बर्धमान जिले के काल्ना में जनसभाएं की। कांग्रेस, वामदल और अन्य राजनीतिक दल भी अब पश्चिम बंगाल में पूरी सक्रियता के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। राज्य में दो चरणों में, इस महिने की 23 और 29 तारीख को मतदान होगा।

उपराष्ट्रपति - श्रीलंका

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज कोलम्बो में श्रीलंका के राष्ठ्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को और मजबूती देने के लिए विचार विमर्श किया। बैठक के दौरान श्री राधाकृष्णन ने पडोसी प्रथम नीति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और आपसी प्रगति और विकास में सहयोग जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉक्टर हरिणी अमरासुरिया से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने जनता के आपसी संबंधों समेत द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के महत्व पर चर्चा की।

ओडिसा-मंत्री अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आज ओडिशा के भुवनेश्वर में भारत की पहली एडवांस्ड 3डी ग्लास सेमीकंडक्टर पैकेजिंग यूनिट के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बहुत ही एडवांस टेक्नोलॉजी का सेमीकंडक्टर प्लांट है ...

गेहूं खरीदी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या चार से बढ़कर 6 कर दी गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 36 हज़ार 237 किसानों से 59 लाख

48 हजार 980 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 575 करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अभी तक 4 लाख 62 हजार 19 किसानों द्वारा करीब 2 करोड़ क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। इसके लिए प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूँ विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गई है। प्रदेश में खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

एलपीजी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 4 हजार 547 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 12 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। प्रदेश के 764 पेट्रोल पंप की जांच कराई गई है। इसमें 2 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्मों का ज़िम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। आयोग ने निर्देश दिया कि किसी भी गैर-कानूनी, एआई-जनित या भ्रामक जानकारी मिलने के तीन घंटे के भीतर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को उस पर कार्रवाई करनी होगी। आयोग ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद से ग्यारह हजार से अधिक पोस्ट या यूआरएल की पहचानकर उन पर कार्रवाई की गई है।

अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया का त्यौहार आज प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। यह त्यौहार सौभाग्य और सफलता का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आज उज्जैन सर्किट हाउस पर भगवान श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर आरती की। वहीं जानापाव कुटी, इंदौर में आयोजित भगवान श्री परशुराम जी के पावन प्रकटोत्सव में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से प्रदेश में किसानों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जानापाव में गंभीर और अजनार नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आज पश्चिमी मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में गरज-चमक के साथ वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड और ओडिशा में कल लू चलने की आशंका व्यक्त की है। अगले दो दिनों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, पुद्दुचेरी और काराईक्काल में गर्म और उमस भरे मौसम की संभावना जताई है।

कुछ समाचार संक्षेप में :-

- मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की महत्वपूर्ण परियोजना 'महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना' के अंतर्गत विदिशा जिले में आज एक भव्य महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया।
- अनूपपुर जिले के करन पठार थाना क्षेत्र में सड़क हादसे ट्रैक्टर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।
- देवास जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14 वर्ष की किशोरियों को टीका लगाया गया अब तक जिले 13 हजार 888 बालिकाओं ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव का निशुल्क टीका लगवाया जा चुका है।
- गुना जिले में बढती गर्मी को देखते हुए जिले के नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यालयों का समय सुबह 7.30 -12.30 तक का कर दिया गया है।
- मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी के माध्यम से मुंबई विमानतल से मध्य प्रदेश के 41 हज यात्री आज मुंबई से रवाना हो रहे है।
- नारी शक्ति वंदन पखवाडे के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अनूपपुर के एकलव्य आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में कल किया जाएगा।
- सीहोर जिले में अब तक 84 हजार टन की खरीदी हो चुकी है। जिले में इस बार 1 लाख 2 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है।

................